सत्यमेव जयते

प्रधानमंत्री

Prime Minister

## संदेश

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जम्मू के सातवें दीक्षांत समारोह के अवसर पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जम्मू, तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के निरंतर विस्तार की दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है। संस्थान से अर्जित ज्ञान, कौशल और संस्कारों की संपदा लेकर निकले विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए दीक्षा ग्रहण करने वाले युवा साथी अपनी प्रतिभा और संकल्पों से देश व समाज की प्रगति में योगदान देंगे।

आज प्रौद्योगिकी हमारे जीवन के लगभग हर क्षेत्र को नई दिशा दे रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, रोबोटिक्स, क्वांटम टेक्नोलॉजी और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियां नए अवसरों के साथ नई जिम्मेदारियां भी लेकर आई हैं। भारत इन क्षेत्रों में अपनी क्षमता को मजबूत करने के लिए अनुसंधान, नवाचार, स्टार्टअप और कौशल विकास को बढ़ावा दे रहा है।

तकनीकी प्रतिस्पर्धा के दौर में केवल उपलब्ध ज्ञान और तकनीकों का उपयोग करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि नए ज्ञान का सृजन और अपनी तकनीकी क्षमताओं का विकास भी उतना ही आवश्यक है। आज हमारे युवा डीप-टेक स्टार्टअप और नई प्रौद्योगिकियों के विकास सहित अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। इस दिशा में सरकार भी आपके साथ है और आज RDI फंड जैसी पहल के माध्यम से स्वदेशी तकनीकों के विकास और उच्चस्तरीय शोध को प्रोत्साहित कर रही है। दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों सहित देश के युवा साथियों से मेरा आग्रह है कि इन अवसरों का लाभ उठाते हुए भविष्य की तकनीकों और नए ज्ञान के सृजन में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए आगे आएं।

'शक्ति की सप्तधारा' के संकल्प के साथ हमारा प्रयास ऐसे सशक्त भारत के निर्माण का है, जहां युवा शक्ति को अपनी प्रतिभा और क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर मिलें। इस अवसर पर युवाओं से मेरा अनुरोध है कि वे बड़े सपने देखें, जिज्ञासा को अपनी शक्ति, सीखने को अपनी आदत और अथक प्रयासों से उत्कृष्टता को अपनी पहचान बनाएं।

मुझे विश्वास है कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जम्मू के शिक्षक और विद्यार्थी राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वबोध के साथ उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे। आपकी उपलब्धियां व्यक्तिगत सफलता के साथ-साथ पूरे देश के विकास और जनकल्याण का आधार बनेंगी।

दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

(नरेन्द्र मोदी)

नई दिल्ली

आश्विन 02, शक संवत् 1948

24 सितम्बर, 2026